# Daily Current Affairs

Date : 22 November, 2025

UTKARSH CLASSES — CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान की नदियों में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी का गठन |
| 2. | शहीद हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई को मरणोपरांत वीरता पदक |
| 3. | मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना 2025 |
| 4. | राजस्थान सरकार द्वारा बैलों से खेती पर किसानों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता योजना |
| 5. | श्रम संहिता, 2025 |
| 6. | कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन |
| 7. | बिरसा (BIRSA)-101 |
| 8. | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नियमों को मंजूरी |
| 9. | गोल्डीलॉक्स एनवायरनमेंट |
| 10. | भारत प्राकृतिक खेती का केंद्र |
| 11. | ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट 2025 |
| 12. | वाटर बजटिंग |
| 13. | विश्व शहरीकरण परिदृश्य- 2025 रिपोर्ट |
| 14. | राष्ट्रीय जल पुरस्कार |
| 15. | इंदिरा गांधी पुरस्कार |
| 16. | मिस यूनिवर्स 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान की नदियों में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी का गठन

### चर्चा में क्यों?

- **पश्चिमी राजस्थान की जीवनरेखा मानी जाने वाली जोजरी, बांडी और लूणी नदियों में जानलेवा प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी का गठन किया है।**



### मुख्य बिन्दु:

- **पश्चिमी राजस्थान की जोजरी, बांडी और लूणी नदियों के प्रदूषण मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला प्रशासनिक विफलता पर कठोर न्यायिक हस्तक्षेप है। कोर्ट ने नदियों के पुनरुद्धार और प्रदूषण नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए जस्टिस (रिटायर्ड) संगीत लोढ़ा की अध्यक्षता में एक हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी का गठन किया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पूरा मामला और कोर्ट की टिप्पणी

- **प्रदूषण का स्रोत:** यह मामला औद्योगिक कचरे (विशेषकर स्टील और टैक्सटाइल इकाइयों से) और सीवरेज से होने वाले जानलेवा प्रदूषण से संबंधित है, जिसने जोधपुर, पाली और बालोतरा की नदियों को जहरीला बना दिया है।
- **प्रशासनिक विफलता:** कोर्ट ने पाया कि दो दशकों की प्रशासनिक लापरवाही के कारण लगभग 20 लाख लोगों का जीवन, पशुधन और पर्यावरण खतरे में है।
- **संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन:** जस्टिस संदीप मेहता ने इस भयावह प्रदूषण को अनुच्छेद- 21 के तहत लोगों के जीने के संवैधानिक अधिकार (Right to Life) का उल्लंघन माना है।

### हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी (HLEOC)

- कोर्ट ने स्थिति की निगरानी और पुनरुद्धार सुनिश्चित करने के लिए हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी (HLEOC) का गठन किया है।
- **अध्यक्ष:** जस्टिस (रिटायर्ड) संगीत लोढ़ा।
- **प्रमुख सदस्य:** अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यावरण विभाग), सदस्य सचिव (CPCB और RSPCB), एमडी (RIICO) और जोधपुर, पाली, बालोतरा के जिला कलेक्टर।

### कमेटी के अधिकार और रिपोर्टिंग

- **कार्य:** कमेटी नदियों के पुनरुद्धार के लिए 'ब्लूप्रिंट' तैयार करेगी और NGT के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराएगी।
- **कठोर कार्रवाई:** कमेटी के पास औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण करने, प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई करने और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का पूरा अधिकार है।
- **रिपोर्टिंग:** कमेटी को हर 8 सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट को प्रगति रिपोर्ट सौंपनी होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## NGT आदेश और एक्शन प्लान

- **NGT के आदेशों पर लगी रोक हटी:** सुप्रीम कोर्ट ने NGT के 25 फरवरी, 2022 के सख्त आदेशों पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है, जिससे प्रदूषण रोकने के लिए NGT के निर्देश अब लागू होंगे।
- **पेनल्टी पर रोक:** RIICO और अन्य एजेंसियों पर लगाई गई ₹2 करोड़ रुपए की पेनल्टी और प्रतिकूल टिप्पणियों पर अभी रोक जारी है।
- **एक्शन प्लान:** IIT जोधपुर, MNIT जयपुर व अन्य संस्थानों द्वारा तैयार किए जा रहे एक्शन प्लान को सीधे HLEOC को सौंपा जाएगा।
- मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी, 2026 को निर्धारित की गई है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# शहीद हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई को मरणोपरांत वीरता पदक

## चर्चा में क्यों?

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) के हीरक जयंती समारोह के अवसर पर शहीद हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई को मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किया।




## मुख्य बिन्दु:

- शहीद हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में अफ्रीका के कांगो में तैनात थे, जहाँ 26 जुलाई, 2022 को स्थानीय लोगों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान उन पर हमले में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया।
- उनकी वीरता और साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत यूएन मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- शहीद हेड कांस्टेबल सांवलाराम विश्नोई सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवान थे, जो राजस्थान के बाड़मेर जिले के बांड गांव के निवासी थे।
- **अवसर:** यह सम्मान समारोह सीमा सुरक्षा बल के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह का हिस्सा था, जहाँ BSF के जवानों के शौर्य को सम्मानित किया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना 2025

## चर्चा में क्यों?

- मंगला पशु बीमा योजना में सरकार ने महत्त्वपूर्ण बदलाव किया है। गत वर्ष के लाटरी प्रणाली को समाप्त कर अब सरकार ने 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर पशुओं का निशुल्क बीमा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए पंजीकरण 21 नवंबर से शुरू हो रहे हैं और बीमा कार्य 1 दिसंबर से विशेष शिविरों में किए जाएंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि पिछली लॉटरी में चयनित कई पशुओं का भी बीमा नहीं हो पाया था और योजना के क्रियान्वयन में देरी हो रही थी।

## मुख्य बिन्दु:

### योजना के बारे में –

- प्रदेश के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुये उनके अमूल्य पशुधन का बीमा कर पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा/आर्थिक सुदृढ़िकरण प्रदान करने के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024-25 से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारम्भ की गई।
- प्राकृतिक आपदा, बीमारी और अन्य कारणों से पशुओं की मृत्यु होने पर पशुपालकों को इस नुकसान की भरपाई और पशुपालकों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार ने मंगला पशु बीमा योजना शुरू की है।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट घोषणा के अनुसार प्रत्येक श्रेणी में पशुपालकों की संख्या को दोगुना कर 10-10 लाख गाय, भैंस, 10-10 लाख भेंड, बकरी तथा 2 लाख ऊटों सहित कुल 42 लाख पशुओं का बीमा किया जाना है। इन पशुओं में 21 लाख पशु वित्तीय वर्ष 2024-25 के सम्मिलित होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत राज्य के जनाधार कार्ड धारक पशुपालक लाभान्वित होंगे। इस योजना के अंतर्गत जनाधार कार्ड धारक पशुपालक के अधिकतम 02 दुधारू गाय/02 दुधारू भैंस/01 दुधारू गाय एवं 01 दुधारू भैंस/10 बकरी/10 भेड़/10 उष्ट्र वंश पशु का निःशुल्क बीमा किया जाना है।

### कीमत का निर्धारण

| क्र.स. | पशु का प्रकार | बीमा हेतु पशु का मूल्य निर्धारण हेतु मानक |
|---|---|---|
| 1. | गाय (दुधारू) | ₹ 3000 प्रति लीटर प्रति दिन के आधार पर न्यूनतम कीमत का निर्धारण किया जावेगा, अधिकतम राशि 40,000/- प्रति पशु |
| 2. | भैस (दुधारू) | ₹ 4000 प्रति लीटर प्रति दिन के आधार पर न्यूनतम कीमत का निर्धारण किया जावेगा, अधिकतम राशि 40,000/- प्रति पशु |
| 3. | बकरी (मादा) | अधिकतम राशि ₹ 4000 प्रति पशु |
| 4. | भेड़ (मादा) | अधिकतम राशि ₹ 4000 प्रति पशु |
| 5. | ऊंट (नर एवं मादा) | अधिकतम राशि ₹ 40,000 प्रति पशु |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान सरकार द्वारा बैलों से खेती पर किसानों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता योजना

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार ने बैलों से खेती करने वाले चयनित किसानों को प्रतिवर्ष ₹30,000 की आर्थिक सहायता देने की योजना शुरू की है।

## मुख्य बिन्दु:

### योजना का उद्देश्य –

- इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक और जैविक खेती को बढ़ावा देना तथा गौवंश संरक्षण में सहायता करना है।
- इस योजना के तहत किसानों को वित्तीय मदद देने के लिए राज्य सरकार ने कृषि विभाग के माध्यम से पात्र किसानों का डेटाबेस तैयार किया है।
- इसके लिए अब तक लगभग 42,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर जिलों से सबसे अधिक आवेदन आए हैं।
- किसान इस योजना का लाभ 'राज किसान साथी' पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन करके प्राप्त कर सकते हैं।
- यह योजना किसानों की आय को बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक खेती को संरक्षित करने में मददगार साबित होगी।
- साथ ही, बैलों से खेती करने वाले किसानों को सरकार गोबर गैस प्लांट पर सब्सिडी भी दे रही है, जिससे जैविक खाद की उपलब्धता बढ़ेगी और किसानों की लागत कम होगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## श्रम संहिता, 2025

### चर्चा में क्यों?

- केन्द्र सरकार ने चार लेबर कोड अधिसूचित किए हैं। ये हैं - सोशल सिक्योरिटी कोड, इन्डस्ट्रियल रिलेशंस कोड, वेजेज कोड तथा ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड।

### मुख्य बिन्दु:

- न्यूनतम वेतन गांरटी दी जाएगी।
- ओवरटाइम पर भी तदनुसार वेतन मिलेगा।
- 40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध होगी।
- गिग वर्कर्स (जैसे- ओला, उबर, जोमेटो, ई-कॉमर्स डिलीवरी) को अब भविष्य निधि (PF) और ग्रेच्यूटी का हक मिलेगा।
- अब एक साल की नौकरी पूरी करने पर भी कर्मचारी को ग्रेच्यूटी का अधिकार मिलेगा। (पहले यह 5 साल था)।
- देशभर में सभी गिग, प्लेटफार्म, कैजुअल, डेली वर्कर्स के डेटा को ई-श्रम पोर्टल पर लाया जाएगा।
- महिलाओं के लिए 26 हफ्ते की पेड मैटरनिटी लीव व नाइट शिफ्ट की सुविधा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु -**

- **3 नई परिभाषाएँ –** फिक्स्ड टर्म एम्पलॉयमेन्ट, नेशनल फ्लोर वेज और नेशनल ओएसएच बोर्ड को जोड़ा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन

### चर्चा में क्यों?

- भारत को कोडेक्स एलीमेंटेरियस कमीशन के 48वें सत्र (CAC48) में एशिया क्षेत्र हेतु कोडेक्स कार्यकारी समिति के लिए पुनः निर्वाचित किया गया है।

### मुख्य बिन्दु:

**कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग**

- **उत्पत्ति:** यह 1963 में खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और WHO द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करना और खाद्य पदार्थों के व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करना है।
- **वर्तमान सदस्य:** 189 सदस्य। 188 सदस्य देश और यूरोपीय संघ।
- **बैठकें:** प्रतिवर्ष आयोजित तथा जिनेवा और रोम में बारी-बारी से सत्र आयोजित होते हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## बिरसा (BIRSA)-101

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने सिकल सेल बीमारी के उपचार के लिए पहली स्वदेशी 'क्रिस्पर (CRISPR) आधारित जीन थेरेपी' का अनावरण किया।

### मुख्य बिन्दु:

- बिरसा (BIRSA)-101 नामक यह जीन थेरेपी भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखी गई है।
- **थेरेपी का विकास:** इस जीन थेरेपी का विकास CSIR–जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (IGIB) ने किया है।

#### जीन थेरेपी

- जीन थेरेपी एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसमें किसी बीमारी या चिकित्सीय विकार के इलाज, रोकथाम या उपचार के लिए जीन का इस्तेमाल किया जाता है।
- **कार्यप्रणाली:** टूटे हुए जीन की नई प्रति जोड़ना, या मरीज की कोशिकाओं के किसी दोषपूर्ण जीन को एक स्वस्थ जीन से बदलना।

#### सिकल-सेल बीमारी

- SCD एक प्रकार का अनुवांशिक विकार है और हीमोग्लोबिन पर प्रभाव डालता है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन ले जाने वाला अणु है।
- इस बीमारी की वजह से लाल रक्त कोशिकाएं सख्त हो जाती हैं। इससे रक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है।
- भारत की आदिवासी आबादी में इस बीमारी का अधिक प्रसार देखा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नियमों को मंजूरी

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने जंगली जानवरों के हमलों और बाढ़ से होने वाली फसल क्षति को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत शामिल करने के नियमों को मंजूरी दे दी है।




### मुख्य बिन्दु:

- किसानों को एक समर्पित फसल बीमा ऐप के माध्यम से 72 घंटों के भीतर फसल नुकसान की रिपोर्ट करनी होगी तथा त्वरित और पारदर्शी दावा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जियो-टैग्ड फोटो प्रस्तुत करना होगा।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)**

- **आरंभ:** 2016 में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में शुरू।
- **उद्देश्य:** फसल हानि/क्षति की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। किसानों की आय स्थिरता और कृषि ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना।

**प्रीमियम संरचना:**

- **खरीफ खाद्य एवं तिलहन फसलें:** अधिकतम 2% प्रीमियम।
- **रबी खाद्य एवं तिलहन फसलें:** अधिकतम 1.5% प्रीमियम।
- **वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें:** अधिकतम 5% प्रीमियम।
- **पात्र लाभार्थी:** अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले किसान एवं बटाईदार एवं किरायेदार किसान।

**प्रीमियम:**

- **केन्द्र :** राज्य = 50 : 50
- पूर्वोत्तर एवं हिमालयी राज्यों के लिए = 90 : 10


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## गोल्डीलॉक्स एनवायरनमेंट

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में मॉर्गन स्टेनली ने 2026 इंडिया इकोनॉमिक्स आउटलुक जारी किया है। इस आउटलुक में वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (Real GDP) संवृद्धि 6.8% रहने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार, भारत के लिए "गोल्डीलॉक्स एनवायरनमेंट" की भविष्यवाणी की है।

### मुख्य बिन्दु:

**गोल्डीलॉक्स एनवायरनमेंट**

- यह एक आदर्श स्थिति को संदर्भित करता है, जहां स्थिर संवृद्धि होती है।
- आर्थिक संवृद्धि न तो इतनी अधिक होती है कि मुद्रास्फीति शुरू हो जाए और न ही इतनी कम होती है कि मंदी आ जाए।
- यह स्थिति स्थिर नीति-निर्माण और मूल्य स्थिरता प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत प्राकृतिक खेती का केंद्र

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत के प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन में घोषणा की कि भारत प्राकृतिक कृषि का वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है तथा उन्होंने पारंपरिक ज्ञान, वैज्ञानिक नवाचार और सतत विकास के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया।

## मुख्य बिन्दु:

### प्राकृतिक खेती

- यह एक रसायन मुक्त कृषि पद्धति है जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों जैसे गाय के गोबर, गोमूत्र, बायोमास मल्च और देशी बीजों पर निर्भर करती है, जो मुख्यतः मृदा पुनर्जनन, जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन पर ध्यान केंद्रित करता है।
- **नीति आयोग:** प्राकृतिक खेती को कृषि पारिस्थितिकी आधारित विविध कृषि प्रणाली माना जाता है, जो फसलों, पेड़ों और पशुधन को कार्यात्मक जैव विविधता के साथ एकीकृत करती है।
- **राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन:** मिशन का दृष्टिकोण मृदा स्वास्थ्य को बहाल करने और इनपुट लागत को कम करने के लिए पशुधन, विविध फसल प्रणालियों और पारंपरिक ज्ञान को एकीकृत करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट 2025

### चर्चा में क्यों?

- ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट- 2025, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम तथा जलवायु और स्वच्छ वायु गठबंधन ने तैयार की है।

### मुख्य बिन्दु:

- **मीथेन की वायुमंडलीय सान्द्रता:** यह पूर्व-औद्योगिक काल से दोगुनी से अधिक हो गई है। यह 2020 में लगभग 352 मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुँच गई थी। इसके 2030 तक 5% तक और बढ़ने की उम्मीद है।
- **भारत:** भारत चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मीथेन उत्सर्जक है। यह वार्षिक लगभग 31 मिलियन टन मीथेन का उत्सर्जन करता है। भारत में मुख्य रूप से पराली जलाने से अधिक मीथेन उत्सर्जन होता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वाटर बजटिंग

## चर्चा में क्यों?

- **नीति आयोग ने आकांक्षी ब्लॉक्स के लिए वाटर बजटिंग पर एक रिपोर्ट जारी की।**

## मुख्य बिन्दु:

### वाटर बजटिंग

- **यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है कि विभिन्न स्रोतों से कितना जल उपलब्ध है, इसका उपयोग कैसे किया जाता है, और कहां जल की कमी या जल की अधिकता हो सकती है।**
- **यह मांग व आपूर्ति के अंतर की पहचान करने में मदद करता है तथा जल सुरक्षा और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को केंद्र में लाता है।**
- **यह अटल भूजल योजना के तहत प्रमुख गतिविधियों में से एक है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व शहरीकरण परिदृश्य- 2025 रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (UN DESA) ने जारी की है।

## मुख्य बिन्दु:

- वैश्विक आबादी का 45% हिस्सा शहरों में निवास करता है।
- मेगासिटीज़ की संख्या 1975 में आठ थी, जो चौगुनी होकर 2025 में 33 हो गई है।
- मेगासिटी वह शहर होता है, जिसकी आबादी दस मिलियन (यानी एक करोड़) से अधिक होती है।
- जकार्ता (इंडोनेशिया) अब विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। इसके बाद ढाका (बांग्लादेश), टोक्यो (जापान) और नई दिल्ली का स्थान है।

### भारतीय संदर्भ:

- भारत में 44 प्रतिशत आबादी कस्बों में रहती है।
- भारत में 2025 और 2050 के बीच 50 करोड़ से अधिक शहरी निवासी होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार

### चर्चा में क्यों?

- छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार (2024) के तहत सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में महाराष्ट्र को प्रथम स्थान मिला है। उसके बाद गुजरात और हरियाणा का स्थान है।

### मुख्य बिन्दु:

- **स्थापना:** जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग।
- **उद्देश्य:** लोगों के बीच जल के महत्त्व के बारे में जागरूकता फैलाना और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इंदिरा गांधी पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

- चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेले को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

### इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

- इस पुरस्कार का नाम भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सम्मान में रखा गया है और इसकी स्थापना 1986 में की गई थी। इसे इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया है।
- शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मिस यूनिवर्स 2025

### चर्चा में क्यों?

- मेक्सिको की फातिमा बोश ने 74वीं मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल किया है।



### मुख्य बिन्दु:

- मेक्सिको की फातिमा बोश (Fatima Bosch) ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल किया है।
- यह प्रतियोगिता थाईलैंड के बैंकाक में आयोजित हुई थी, जहां फातिमा बोश ने 130 देशों के प्रतियोगियों को पीछे छोड़ते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता।
- फातिमा मेक्सिको की चौथी महिला हैं, जिन्होंने मिस यूनिवर्स का ताज हासिल किया है।
- इस प्रतियोगिता में थाईलैंड की वीणा प्रवीनार सिंह दूसरे स्थान पर रहीं।
- भारत की ओर से राजस्थान की मनिका विश्वकर्मा इस प्रतियोगिता में शामिल थीं। लेकिन वह टॉप 30 राउंड तक ही पहुंच पाई।
- प्रतियोगियों का मूल्यांकन आठ न्यायाधीशों द्वारा किया गया, जिन्होंने व्यक्तित्व, वकालत (advocacy), बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास जैसे मानदंडों पर अंक दिए। इनमें भारत की प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल भी शामिल थीं, जिन्होंने पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के बारे में –

- **मिस यूनिवर्स दुनिया की सबसे बड़ी और मशहूर ब्यूटी प्रतियोगिताओं में से एक है। इसे मिस वर्ल्ड, मिस इंटरनेशनल और मिस अर्थ के साथ टॉप ग्लोबल पेजेंट्स में गिना जाता है। हर साल इसका आयोजन मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइज़ेशन करती है, जिसका हेडक्वार्टर अमेरिका और थाईलैंड में है।**
- **1952 से, मिस यूनिवर्स संगठन का उद्देश्य दुनिया भर में महिलाओं को नेतृत्व, आत्मविश्वास और विशिष्टता की नई परिभाषा स्थापित करने के लिए प्रेरित करना रहा है।**
- **75वें मिस यूनिवर्स संस्करण की मेज़बानी के लिए प्यूर्टो रिको को आधिकारिक रूप से चुना गया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR